## खबर संक्षेप

### पात्र परिवारों को 22 जनवरी तक खाद्यान्न का वितरण कराएं-कलेक्टर श्री मिश्रा

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कहा कि धान उपार्जन का अंतिम एक सप्ताह शेष है इसलिए परिवहन की गति तेज करें। प्रतिदिन 10 मेट्रिक टन धान का परिवहन सुनिश्चित कराएं। परिवहन एवं स्वीकृति के अनुपात में कृषकों का भुगतान भी समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि बिछिया विकासखंड के उपार्जन केन्द्र धुतका तथा मांगा और नैनपुर के रैवाड़ा में मंगलवार को अतिरिक्त वाहन लगाकर संबंधित केन्द्रों से स्टॉक की गई धान का परिवहन सुनिश्चित करें। श्री अन्न उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि अभी तक लक्ष्य के अनुरूप श्री अन्न खरीदी नहीं की गई है। इसके लिए संबंधित एफपीओ को नोटिस जारी करें। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि माह की रैंकिंग जारी होने में एक सप्ताह का समय शेष है। इसलिए संबंधित जिला अधिकारी शिकायतों की संख्यात्मक आधार पर दैनिक लक्ष्य तय करते हुए इसका फॉलोअप करें। स्वास्थ्य, जनजातीय कार्य तथा स्कूल शिक्षा विभाग संतुष्टि पर विशेष ध्यान दें। पीडीएस वितरण की समीक्षा करते हुए अब तक आशा अनुरूप राशन का वितरण नहीं किए जाने पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि 15 जनवरी तक सभी पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न की उपलब्धता और पात्र परिवारों को 22 जनवरी तक खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आगामी 20 जनवरी को आयोजित किए जा रहे वृहद रोजगार मेला महा युवा संगम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि लिंक के माध्यम से पंजीकृत युवाओं की सतत काउंसलिंग करें।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने युवाओं को दी सौगात

# विवेकानंद फिटनेस सेंटर का उद्घाटन

* 'मण्डला गॉट टैलेंट' व 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' का भव्य शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, मण्डला में युवाओं के लिए प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मुख्य आतिथ्य में विवेकानंद फिटनेस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इसी अवसर पर मण्डला गॉट टैलेंट तथा खेलो एमपी यूथ गेम्स का विधिवत शुभारंभ भी हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका मण्डला अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, वेदप्रकाश कुलस्ते, जिला खेल अधिकारी विकास खराड़कर सहित अन्य अधिकारी, खेल विभाग का अमला, प्रशिक्षक,



बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि पहले खिलाड़ियों के लिए इतनी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं थीं, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। सरकार द्वारा खेल अधोसंरचना, प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग के प्रति आभार व्यक्त किया और बताया कि उनके प्रयासों से प्रत्येक विधानसभा में स्टेडियम निर्माण करने की घोषणा की गई है। मंडला विधानसभा में भी खिलाड़ियों के लिए 7 एकड़ भूमि पर स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कई खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर देश को पदक दिला रहे हैं, जो यह सिद्ध करता है कि यदि सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो हमारी युवा शक्ति किसी से कम नहीं है।



उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपना हुनर दिखाएँ, क्योंकि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। उन्होंने फिटनेस, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताया। खेल, फिटनेस और प्रतिभा से ही सशक्त युवा भारत का निर्माण होगा। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके ने दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की शपथ भी दिलाई।

### फिटनेस सेंटर का किया अवलोकन

मंत्री श्रीमती उइके ने स्वामी विवेकानंद फिटनेस सेंटर का अवलोकन भी किया और यहां ट्रेडमिल पर दौड़ी। जिला खेल अधिकारी श्री विकास खराड़कर ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस फिटनेस सेंटर में यूएसए के लाईफ फिटनेस ब्रांड की अत्याधुनिक मशीने लगाई गई है। जिससे यह मण्डला का सर्वश्रेष्ठ जिम बन गया है। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यह सेंटर युवाओं को नियमित व्यायाम, फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

कार्यक्रम में खेलो एमपी यूथ गेम्स की जानकारी देते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि इसके अंतर्गत विकासखंड स्तर पर चयन स्पर्धाएँ 12 जनवरी से प्रारंभ हो रही हैं, जबकि जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएँ 16 से 20 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। इसके अंतर्गत 27 खेलों का आयोजन किया जायेगा। मण्डला जिले के सभी 9 विकासखंडों से लगभग 2800 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसी के साथ मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि मंडला गॉट टेलेंट के माध्यम से जिले की छिपी प्रतिभा को मंच पर लाने का मौका मिलेगा। इसके अंतर्गत गायन और नृत्य की विधा में प्रतिभागी अपना टेलेंट दिखा सकेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया, नटराज डांस ग्रुप द्वारा ऊर्जावान नृत्य और आयुष उपाध्याय द्वारा सुमधुर गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ श्री अनूप नामदेव द्वारा किया गया।

## स्वस्थ शरीर, संतुलित मन सशक्त राष्ट्र की आधारशिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है तथा व्यक्ति को आंतरिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करता है। नियमित योग अभ्यास से न केवल शारीरिक रोगों से बचाव होता है, बल्कि मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं में भी उल्लेखनीय कमी आती है। योग के नियमित अभ्यास से विद्यार्थियों में स्मरण शक्ति, एकाग्रता और आत्मविश्वास का विकास होता है। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को आयोजित शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में कही। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े सहित अन्य अधिकारी, विद्यालयीन शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद थे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के तेज रफ्तार और प्रतिस्पर्धात्मक युग में योग युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह उन्हें अनुशासन, धैर्य और आत्मनियंत्रण सिखाता है। योग के माध्यम से युवा न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को भी आत्मसात करते हैं, जिससे उनका व्यक्तित्व सर्वांगीण रूप से विकसित होता है। योग स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए नवाचार, आत्मनिर्भरता और व्यापक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि योग को वैश्विक जीवनशैली के रूप में स्थापित कर भारत ने विश्व मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग शांति, सद्भाव और मानव कल्याण का प्रतीक बन चुका है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके सहित नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों, विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इसमें प्रार्थना मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन सहित समस्त आसनों के साथ अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो सम्मेलन में दिए गए प्रेरक संदेश का प्रसारण किया गया, वहीं आकाशवाणी के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश भी सुना गया।

## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई



**भुआबिछिया।** सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआबिछिया में दिनांक 12/01/2026 दिन दिन सोमवार स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई इस अवसर पर जिला सचिव किशोरी लाल साहू जगमंडल बाल कल्याण समिति की व्यवस्थापक R.R परस्ते सह व्यवस्थापक अरुण मिश्रा सदस्य सुमित रजक पूर्व छात्र सोनल अग्रवाल प्राचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र आचार्य परिवार एवं भैया बहिन उपस्थित रहे सर्वप्रथम मां सरस्वती ऊं भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें सभी के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योगासन किया गया जिला सचिव जी के द्वारा अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास चरित्र निर्माण एवं सेवा भाव का संदेश दिया तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद भारत माता एवं भगिनी निवेदिता की झांकी का संचालन के माध्यम से पूरे नगर में भ्रमण कराया गया जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्यता पूर्वक झांकी एवं संचालन का स्वागत किया गया जग मंडल बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू के द्वारा सभी भैया बहनों को चॉकलेट वितरित की गई एवं विद्यालय में झांकी एवं संचालन का सफलतापूर्वक समापन किया गया। भुआ बिछिया मंडला नगर में शासकीय अशासकीय अर्ध शासकीय विद्यालयों में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर शाला प्रांगण में सभी छात्र छात्राओं ओर विद्यालय परिवार के शिक्षकों ने व्यायाम प्राणायाम योगाभ्यास के साथ जयंती मनाई लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों को प्राणायाम योगाभ्यास कराया गया और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर प्रकाश डाला गया बच्चो उनके विचारों से अवगत कराया गया।

## मकर संक्रान्ति पर्व के दृष्टिगत चायनीज मांझे का उपयोग प्रतिबंधित

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग मंत्रालय भोपाल के 2 फरवरी 2024 द्वारा नायलोन मांझा (सिंथेटिक मटेरियल से बने पक्के धागे, जिसे आमतौर पर चायनीज मांझा के रूप में जाना जाता है) के दुष्प्रभावों को रोके जाने के लिए उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। आने वाले मकर संक्रान्ति पर्व के दृष्टिगत उपरोक्त अधिसूचना में जारी निर्देशों का विशेष रूप से पालन किया जाना आवश्यक है। अधिसूचना में उल्लेखित निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण मण्डला जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी गए हैं। जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश राज्य में लोकव्यापी रूप में ज्ञात चायनीज मांझा सहित नायलोन, प्लास्टिक या किसी अन्य संशलिष्ट (सिंथेटिक) पदार्थ से बने पतंग उड़ाने वाले धागे एवं किसी अन्य पतंग उड़ाने वाला धागे, जो संशलिष्ट (सिंथेटिक) पदार्थ से लेपित है और गैर- जैव अवक्रमणीय (नॉन-बायोडिग्रेडेबल) है, के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद, आपूर्ति, आयात और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। केवल ऐसे सूची धागे से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी, जो किसी भी तेज/धात्विक/कांच के घटकों/चिपकने वाले पदार्थ/धागे को मजबूत करने वाली सामग्रियों से मुक्त हों। नायलोन मांझा के उपयोग से लोगों एवं पशु-पक्षियों को कई बार घातक चोट पहुंचती है तथा मृत्यु की घटनाएं भी प्रकाश में आई हैं। ये पदार्थ नान-बायोडिग्रेडेबल होने से लम्बे समय तक पर्यावरण को क्षति भी पहुंचाते हैं। इसके दुष्प्रभावों को रोके जाने के लिए तथा कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जावे।

**शुभारंभ** | स्वस्थ मंडला, सशक्त मंडला के लक्ष्य को साकार करने आरोग्यम मंडला का हुआ शुभारंभ।

# 12 तरह की प्राथमिक सुविधायें होंगी उपलब्ध

* 15 जनवरी से मार्च 2026 तक चलेगा अभियान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला




आमजन को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर 2.0 का शुभारंभ योजना भवन, मण्डला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नैनपुर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद था।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर 2.0 का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर ही आम नागरिकों को प्राथमिक एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करना है। आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर 2.0 के माध्यम से हम न केवल बीमारियों की पहचान करेंगे, बल्कि लोगों के जीवन में भरोसा, सुरक्षा और स्वास्थ्य का नया संबल भी देंगे। हम स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के और निकट ले जाने की दिशा में एक और सशक्त कदम उठा रहे हैं। पूर्व में आयोजित जन स्वास्थ्य शिविर में 1 लाख 98 हजार 133 लोगों की स्क्रीनिंग के उपरांत जिन मरीजों का डायग्नोसिस किया गया था, उनके उपचार एवं फॉलोअप को भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने वर्ष 2024 में इन शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य शिविर 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित किया जाए।



मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि स्वास्थ्य केवल इलाज का विषय नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के सम्मानपूर्ण जीवन का आधार है। सरकार का यह स्पष्ट संकल्प है कि कोई भी नागरिक केवल संसाधनों की कमी या दूरी के कारण इलाज से वंचित न रहे। इसी सोच के साथ यह जन स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को अपने ही गाँव में सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विशेष रूप से आग्रह किया और कहा कि वे इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दें। शिविरों की जानकारी हर घर तक पहुँचे, पात्र नागरिक आयुष्मान कार्ड से जुड़ें और कोई भी गंभीर रोगी इलाज से वंचित न रहे यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### जन आरोग्य शिविर में उपलब्ध प्रमुख सेवाएँ

सिकल सेल एनीमिया जांच, गर्भवती महिलाओं की जांच, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कुपोषित एवं जन्मजात विकृति वाले बच्चों की जांच, किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण, उच्च रक्तचाप एवं शुगर जांच, ओरल कैंसर, अंधत्व एवं मेंटल हेल्थ परीक्षण, वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी, कुष्ठ एवं मलेरिया जांच, आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे।

### 14 प्रकार की जांच सुविधाएँ

शिविरों में सिकल सेल, हीमोग्लोबिन, यूरिन एल्ब्यूमिन एवं शुगर, ब्लड शुगर, मलेरिया, टायफाइड, खसरा, एचआईवी-एड्स, सिफलिस, डेंगू, फाइलेरिया, हेपेटाइटिस-बी एवं सी सहित 14 प्रकार की जांचें की जाएंगी। आरोग्यम मण्डला 2.0 के अंतर्गत पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा आमजन को 12 प्रकार की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। ये शिविर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अथवा पंचायत भवन में वृहद स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

## वैश्विक नेत्री थीं आयरन लेडी इंदिरा गाँधी-भास्कर राव

* मंडला पहुंची इंदिरा ज्योति यात्रा- इंदिरा जी के योगदानो के स्मरण में सभा कर निकाली रैली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में सम्यक अभियान द्वारा संचालित इंदिरा ज्योति अभियान के अंतर्गत इंदिरा ज्योति यात्रा मप्र छत्तीसगढ़ सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में निकाली जानी है। इसी के अंतर्गत रविवार 11 जनवरी को इंदिरा ज्योति यात्रा मंडला पहुंची जहाँ बिछिया विधायक एवं सम्यक अभियान जिला आयोजन अध्यक्ष नारायण सिंह पट्टा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले ने यात्रा का अभिनन्दन किया। सम्यक अभियान प्रमुख गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े जी ने इस यात्रा के उद्देश्य और लक्ष्य को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक सन्दर्भ के साथ विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की और देश के लिए इंदिरा जी के योगदानों को बताया। महात्मा गाँधी जी के विचारों के अनुरूप रामराज्य की स्थापना के संकल्प की जानकारी दी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गाँधी जी के योगदानों और देश के विकास में उनकी भूमिका को लेकर उन्होंने अनेक संदर्भ प्रस्तुत किये।

पत्रकार वार्ता के पश्चात मंडला नगर मुख्यालय स्तिथ क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यालय में इंदिरा स्मरण सभा आयोजित की गई। जहाँ पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गाँधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले, पूर्व विधायक संजीव उइके, जिला प्रवक्ता एड संजय चौरसिया, रागिनी परते सहित अन्य वक्ताओं ने देश के लिए इंदिरा जी के योगदानों को लेकर अपनी अपनी बात रखी। सभी ने इंदिरा जी के साहस उनके नेतृत्व और उनकी निडरता से जुड़े अनेक संदर्भ बताये। श्वेत क्रांति, हरित क्रांति, बैंको का राष्ट्रीय करण, औद्योगिकीकरण, पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश बनाना, देश की सेना का आधुनिकीकरण, शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार को लेकर इंदिरा जी के किये कार्यों का स्मरण किया गया। वैश्विक स्तर में देश को बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने को लेकर इंदिरा जी का योगदान सबसे प्रमुख बताया गया। अपने उदबोधन में भास्कर राव कोकडे जी ने कहा कि इंदिरा जी वैश्विक नेत्री थीं वो न तो अमेरिका से डरती थीं और न ही किसी अन्य देश से। उनके इसी साहस की वजह से पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए और बांग्लादेश बना। उनका नेतृत्व इतना सशक्त और प्रभावशाली रहा कि उस समय के विकसित देश भी हमारे भारत का लोहा मानते थे। इंदिरा जी को आयरन लेडी यूँही नहीं कहा जाता उनका मजबूर व्यक्तित्व उनकी निडरता उनका साहस उनकी देशभक्ति उन्हें आयरन लेडी बनाती है। उनके नेतृत्व का प्रभाव इतना था कि उस समय के विपक्षी नेता भी उन्हें देवी दुर्गा का अवतार कहकर सम्बोधित करते थे।

स्मरण सभा के पश्चात इंदिरा ज्योति यात्रा के साथ नगर में रैली निकाली गई जो इंदिरा जी के जयघोष और उनकी अमरता के नारों के साथ सभास्थल से प्रारम्भ होकर डॉ अम्बेडकर चौराहा पहुंची जहाँ बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। यहाँ से यह रैली मुख्य मार्ग से होते हुए सभास्थल में पहुंचकर समापन की गईं। यहाँ से यह यात्रा बालाघाट जिले के लिए रवाना हुई।

**खबर संक्षेप**

### आज जिला स्तरीय प्रदर्शनी में सहभागिता करेंगे साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के छात्र छात्रायें

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आज 13 जनवरी दिन मंगलवार को राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला स्तरीय गणित, विज्ञान, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की प्रदर्शनी का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस प्रदर्शनी में क्षेत्र के साईंखेडा एवं चीचली विकासखंड के छात्र छात्राएं सहभागिता करेंगे। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय प्रदर्शनी जिला मुख्यालय के डाइट परिसर में आयोजित हो रही है जिसमे शासकीय शालाओं के कक्षा 6 से 8 वी तक के वे छात्र छात्राएँ शामिल होंगे जिन्होंने ब्लॉक स्तर की प्रदर्शनी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। वही इस प्रदर्शनी में छात्र छात्राएं मॉडल, लघु नाटिका, सेमिनार, पर्यावरण गीत आदि विधाओं में सहभागिता करेंगे। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं को उपस्थित कराये जाने के निर्देश जिला स्तर से आदेश जारी हो चुके है। उल्लेखनीय है चीचली ब्लॉक से 19 एवं साईखेड़ा ब्लॉक से 18 छात्र छात्राएं अपने मार्गदर्शी शिक्षकों के साथ प्रदर्शनी में शामिल होने की खबर है।

### बुराई के चलते मारपीट कर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के मरघटा मुहल्ला निवासी चंदन पिता नत्थू लाल कहार उम्र 28 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब वह अपने घर पर था उसी समय हल्कू ठाकुर नामक व्यक्ति आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### दांत से काटकर घायल किया

चीचली। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम मऊ निवासी कुलदीप पिता राजेश कुमार कौरव उम्र 25 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे गाँव का ब्रजेश कौरव मेरे घर के पास मिला जिससे मेरा बातों ही बातों में विवाद हो गया था। इसके बाद हम दोनों वहां से चले गये थें मगर रात के समय ब्रजेश कौरव मेरे घर के पीछे गाली गुफ्तार कर रहा था तभी मैं गया और उसको गाली बकने से मना किया तो वह पुनः मुझे गंदी गंदी गालिया देने लगा और हाथ में लिये डंडे से मारपीट करने के साथ ही दांत से काटकर घायल करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### टार्च चोरी करने के संदेह साले ने जीजा को मूसर मारकर किया घायल

चीचली। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम झामर निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै और मेरा ससुर सुन्दर धानक जब अपने घर थें उसी समय प्रार्थिया का मामा ससुर गुड्डू धानक आया और प्रार्थिया के ससुर यानि की सुन्दर धानक पर टार्च चोरी करने का आरोप लगाते हुये गंदी गंदी गालिया देते हुये घर के अंदर घुसकर पास में ही रखे हुये मूसर से मारपीट कर चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थिया का ससुर सुन्दर धानक व आरोपी मामा ससुर गुड्डू धानक आपस में एक दूसरे के जीजा साले लगते है। इस तरह अपने जीजा के साथ मारपीट करने वाले आरोपी साले के खिलाफ पुलिस द्वारा बहू द्वारा की गई शिकायत के चलते पुलिस द्वारा मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेत मे मवेशी घुसने की बात को लेकर की मारपीट

चीचली। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम डंगहा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे खेत पर छुट्टन पाली व मुन्ना पाली के जानवर आये दिन घुसकर फसल को क्षति पहुंचाते है। इसी के चलते जब प्रार्थी का लड़का बसंत पाली उनके घर मवेशी संभालने की बात बोलने के लिये गया हुआ था।

**मानव सेवा को महत्व देते हुये किया रक्तदान शिविर का आयोजन, जिन्दगी बचाने का संदेश...**

## भीष्म पितामह जयंती के अवसर पर कौरव सेवा समिति द्वारा भव्य भजन संध्या के साथ किया महाआरती का आयोजन










हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

कुरूवंश के वीर पुरूष व अपनी प्रतिज्ञा पर सदा ही अटल रहने वाले इच्छा मृत्यु के आर्शीवाद से परिपूर्ण युद्धा गंगा पुत्र भीष्म पितामह की जन्म जयंती प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी कौरव समाज द्वारा गांव गांव बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। भीष्म पितामह जयंती के पावन अवसर पर बीते हुये सोमवार को कौरव सेवा समिति द्वारा नगर के उत्सव भवन में भव्य महाआरती के साथ साथ ग्राम बगलई से आये हुये कलाकारों के माध्यम से भजन संध्या का आयोजन किया गया। वैसे भी देखा जावे तो कौरव सेवा समिति द्वारा मनाव सेवा को लेकर जहां आये दिन इस तरह के कार्य करते हुये देखी जाती है जिसकी लोगों में सदा ही सराहना होने से नही चूक पाती है। बीते हुये वर्षो पर नजर डाली जावे तो हर वर्ष कौरव सेवा समिति द्वारा गर्मी का मौसम शुरू होते हुये जहां नगर में भ्रमण करने वाले मूक पशुओं के लिये पीने के पानी की टंकी स्थापित करते हुये मूक पशुओं के लिये पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है। वही ठंड के सीजन में रात के समय नगर के रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टेन्ड व नगर के चौक चौराहों पर ठंड से परेशान हो रहे लोगों को खोजते हुये उन्हें कम्बल व अन्य प्रकार के गर्म कपड़े उपलब्ध कराई जाते है। इसके आलवा कौरव सेवा समिति द्वारा नगर में आये दिन स्वच्छता अभियान चलाते हुये सड़को की साफ सफाई के आलवा पौधा रोपण सहित समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने में पीछे नही रहती है। इसके आलवा लोगों को सहायता पहुंचाने के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाते हुये देखा जाता है। इसी प्रकार से नगर की कौरव सेवा समिति द्वारा बीते हुये सोमवार को कुरूवंश शिरोमणी यानि की गंगा पुत्र भीष्म पितामह की जयंती के मौके पर नगर के उत्सव भवन में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इसके पहले दोपहर के समय रक्तदान का शिविर आयोजित करते हुये समिति के लगभग 40 सदस्यो द्वारा रकतदान किया गया। रक्तदान शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि इससे बडी मानव सेवा दूसरी नही होगी। क्योंकि यदि समाज के युवाओं का रक्त किसी की जिन्दगी बचाने के काम आता है तो निश्चित तौर से कुरूवंश में जन्म लेने का उद्धेश्य पूर्ण होने से नही चूक पायेगा। क्योंकि क्योंकि जिस तरह कुरूवंश के वीर पुरूष भीष्म पितामह ने मानव सेवा के लिये अपनी प्रतिज्ञा पर डटे रहे। उसी मार्ग पर चलते हुये कौरव सेवा समिति द्वारा किसी जरूरत मंद की जिन्दगी बचाने के लिये उनके द्वारा किया गया रक्त काम आने से नही चूकेगा। कौरव सेवा समिति के सदस्याओं द्वारा किया गया रक्तदान निश्चित ही किसी ने किसी व्यक्ति को नया जीवन उपलब्ध कराने में उपयोग होगा तो कौरव सेवा समिति की सोच सफल हो जावेगी। इसके उपरांत शाम के वक्त कौरव सभा समिति द्वारा कुरूवंश के वीर गंगापुत्र भीष्म पितामह जयंती के पावर अवसर पर नगर के उत्सव भवन में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर कौरव सेवा समिति द्वारा आयोजित महाआरती में समाज के वरिष्ठ सुरेन्द्र पटैल मझले भैया, राव संदीप सिंह, पटवारी भागचंद सिंह कौरव, प्रो. प्रहलाद सिंह कौरव, बडे भैया कौरव कामती, भाई जी पहरिया, राजेन्द्र कौरव गरधा, ग्रीष पटैल, गजेन्द्र सिंह कौरव, ब्रजेश कौरव, राम गोपाल कौरव, आशीष कौरव, शालकराम कौरव, आनंद कौरव महगंवा, शैलेन्द्र कौरव लिलवानी, मनीष ममार कामती, राजेश कौरव राजू भैया, प्रदीप कौरव रेवाश्री, प्रदीप कौरव बगलई, राघवेन्द्र कौरव, अभिषेख पटैल, अंकुश पटैल, राम कौरव, मधुसूदन पटैल मासाब, दिलीप कौरव, संजय कौरव मेडीकल, इंजी संजय कौरव, अंकुर कौरव, अधि राकेश कौरव, बडडे भैया कामती, आकाश कौरव, अनुभव कौरव, मोनू कौरव, भानू कौरव, सूरज कौरव, भानु प्रताप कौरव सहपुर, मनोज कौरव, रंजीत कौरव, वीरेन्द्र कौरव सहित कौरव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा गंगा पुत्र भीष्म पिता का पूजन अर्चन करते हुये महाआरती की गई। वही दूसरी ग्राम बगलई आई हुई भजन मंडली द्वारा महाआरती के दौरान जिस तरह शानदार प्रस्तुति दी गई उसके चलते लोग मग्न मुग्ध होने से नही चूक पाये। इस तरह लगभग दो घंटे तक चले महाआरती के आयोजन उपरात प्रसादी का वितरण करते हुये कौरव समाज के युवा पत्रकार मनीष ममार द्वारा महाआरती में पधारे हुये सभी कुरूवंशियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया। इस तरह सेवा समिति द्वारा मानव सेवा के आराध्य गंगापुत्र भीष्म पितामह की सोच को चारितार्थ करने के लिये समाजसेवा के रूप में किये जा रहे कार्यो की जहां नगर के अनेक लोगों द्वारा सराहना की गई तो वही दूसरी ओर कौरव समाज के युवा तथा समाज सेवा में तत्पर रहते हुये देखा जाता है। मगर कौरव समाज द्वारा अपने आराध्य गंगापुत्र की जन्म जयंती के मौके पर कौरव सेवा समिति द्वारा पीडितों की सेवा के लिये जिस तरह से कार्य किये जाते है उससे निश्चित तौर अनेक लोगों के लिये लाभ मिलता है और उनकी दुआये समिति की सफलताओं व समाज सेवा में चार चांद लगाने से नही चूकेगी। वही दूसरी ओर इस वर्ष भीष्म पितामह जयंती का आयोजन किसी निर्धारित स्थान पर सामूहिक रूप से नही होने के कारण कौरव समाज द्वारा गांव गांव कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी के चलते समीपस्थ ग्राम सिंहपुर छोटा में गिरजा शंकर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भीष्म पितामह जयंती के मौके पर आरती का आयोजन करते हुये गांव में शोभायात्रा निकाली गई तो दूसरी ओर इसी तरह क्षेत्र के अनेक गांवों में आयोजन किया गया।



## युवा दिवस सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में हुए विभिन्न आयोजन एवं पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीते हुये दिवस मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर दर्शन सिंह किरार द्वारा युवा दिवस सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण प्रभारी प्राचार्य डां. जवाहर लाल शुक्ला के द्वारा प्रमाण पत्र, पेन, डायरी सहित अन्य सामग्री पुरस्कार के रूप में वितरित की गयी 1 प्रतियोगिताएं में मुख्य रूप से पोस्टर निर्माण, बाद विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छ जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक, वृद्ध जनों की सेवा का संकल्प सहित अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 1 कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. दर्शन सिंह किरार के द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम में डॉ. टीकाराम, डॉ कमलेश डेहरिया, डॉ. सोनिका सहाय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालीन विद्यार्थी प्रिया दुबे,अनीता चौधरी, प्रतिभा राजपूत पूजा वर्मा श्रद्धा चमार, संजीव केवट, आकाश धानक, आकाश मिर्धा, सुरेंद्र सिंह अहिरवार, यशोदा खंगार, विनीता कुर्मी, नेहा यादव, पुष्पा कुशवाहा, कविता गौड़, शिवानी कहार, आकाश केवट, नंदिनी केवट, विशाखा साहू, पूजा कौरव, सरस्वती कहार, शिवानी वर्मा, रिंकी गोड़, लोकेश लोधी, बृजपाल, सुरेंद्र, लक्ष्मी चौधरी के आलवा अन्य छात्र छात्राये मौजूद थें।

## स्वामी विवेकानंद जयंती के आयोजन पर कौड़िया स्कूल में शामिल होकर विधायक पटैल ने किया सूर्य नमस्कार





हरिभूमि न्यूज/कौड़िया। स्वामी विवेकानंद की जयंती बीते हुये 12 जनवरी को संपूर्ण देश में युवा दिवस के रूप में बनाते हुये सूर्य नमस्कार सहित अन्य प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुये। इसी क्रम में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुये कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने शामिल होकर जहां सूर्य नमस्कार किया गया।

कार्यक्रम का शुंभारभ माँ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। वही इस मौके पर विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक पटैल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए उनके ये शब्द आज भी हर युवा के भीतर ऊर्जा, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति का संचार करते हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने नौजवानों को संदेश दिया था कि वे खेल मैदान में जाकर अपने आप को स्वस्थ व मजबूत बनाएं, तो हम दुनिया के सभी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने संकल्प से सिद्धी अभियान के बारे में भी बताया। आज के दिन देश में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूरी दुनिया स्वामी विवेकानंद जी के संदेश को स्वीकार करती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प स्वस्थ युवा- स्वस्थ भारत फिट इंडिया- हेल्थ इंडिया के माध्यम से देश आगे बढ़ रहा है, इससे हम दुनिया में सिरमोर होंगे। विधायक पटेल ने बच्चों से कहा कि स्वस्थ शरीर ही आने वाले भविष्य के वैभव का प्रतीक है। किसी भी सफलता में स्वास्थ्य पहला पायदान होता है। इस दौरान उन्होंने सूर्य नमस्कार की सभी 12 मुद्राओं को क्रमवार किया और प्राणायाम का अभ्यास भी किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रार्थना की मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन का अभ्यास किया और अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम किया। इस मौके पर विधायक के साथ हरिप्रताप ममार, राजकुमार रघुवंशी, अशोक पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थें।

### ग्राम नरसरा में संपन्न हुआ पंच कुण्डीय गायत्री यज्ञ



हरिभूमि न्यूज/चीचली। समीपस्थ ग्राम नरसरा में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित पंच कुण्डीय गायत्री यज्ञ बीते हुये दिवस उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। बताया जाता है कि इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस कलश यात्रा की भव्यता ने समस्त क्षेत्र वासियों, ग्रामवासियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वही आयोजन के द्वितीय दिवस प्रातः 8 से से यज्ञ कर्मकांड 1 बजे तक चला जिसमें 20 दीक्षा 3 पुंसवन 1 नामकरण संस्कार संपन्न हुए। वही अंतिम दिवस की उपस्थिति ने सभी आयोजक को अचंभित कर दिया। बताया जाता है कि इस दौरान अनेक भाई बहनों द्वारा परम पूज्य गुरुदेव के साहित्य व मासिक अखंड ज्योति पत्रिका, युग निर्माण योजना मासिक पत्रिका की सदस्यता प्राप्त की गई। वही स्थानीय स्तर पर प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल का गठन व साधना संकल्प लिये गये। वही पूर्णआहूति व भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार गाडरवारा के परिजनों का सहयोग एवं मार्गदर्शन अनुकरणीय रहा। यज्ञ विधा की सरलता, सहजता, भेदभाव रहित सभी की भागीदारी जन सामान्य को अच्छी लगी। समापन के अवसर पर गायत्री परिवार समन्वयक राजेश कुमार कौरव द्वारा नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा, करेली, गाडरवारा, सालेचौका के परिजनों के आलवा अनेक ग्रामीण प्रज्ञा मंडलों के अलावा स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा गायत्री महायज्ञ में समय दान, श्रमदान, सहयोग रहा।

## चाचा ससुर सहित साले ने जमीन विवाद को लेकर दमाद की कर दी पिटाई



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जमीन को लेकर लोग सभी रिस्तों की मर्यादाओं को भुलाकर मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम छैनाकछार में देखने मिली है जहां पर जमीन की बात को लेकर चाचा ससुर सहित साले ने मिलकर अपने जीजा की पिटाई कर दी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम छैनाकछार निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी जमीन ग्राम छैनाकछार मौजा मे है तथा मेरे बाजू मे बडे ससुर पूरन लाल कौरव की भी जमीन लगी हुई है। इस जमीन पर हम लोगों के बीच विवाद चल रहा है। बीते हुये दिवस की बात है कि जब प्रार्थी अपने खेत मे पाईप ऊठाकर पानी की लाईन बदल रहा था। उसी दौरान वहां पर प्रार्थी के बडे ससुर पूरनलाल आये और खेत तरफ लगा हुआ खोड़ा उखाडने लगे। जिसको लेकर प्रार्थी ने कहा कि मैनें गाडरवारा मे नाप के लिए आवेदन लगाया है जैसे ही नाप हो जायेगा तो तुम यह खोड़ा ऊखाड़ लेना यह बात सुनकर वहाँ पर मौजूद ककिया ससुर कमल कौरव एवं साला मुकेश कौरव भी आय गये और प्रार्थी यानि की रिस्ते के दमाद को गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो बडे ससुर, चाचा ससुर सहित साले ने एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी दमाद की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ससुरों सहित साले के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक रूप से सूर्य-नमस्कार का आयोजन**

## युवा दिवस के रूप में मनाया गया स्वामी विवेकानंद जन्म दिवस, शिक्षण संस्थाओं में आयोजित हुये अनेक कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।

सोमवार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस नगर सहित क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक रूप से सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिए थे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की भागीदारी भी रही। सोमवार को क्षेत्र की समस्त शिक्षण संस्थाओं में प्रातः 9 बजे से प्रातः 10:30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्र गान का सामूहिक गायन किया गया। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का रेडियो के माध्यम से प्रसारण भी सभी ने देखा व सुना । इस दौरान सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा 6वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थी दर्शक की भूमिका में रहें । बताया जाता है कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व की जानकारी भी दी गई एवं वक्ताओ ने स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर भी प्रकाश डाला।

**संघ के कार्यकर्ताओं की गगनभेदी आवाज से गूंजा नगर का रुद्र मैदान**

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने आयोजित किया युवा सम्मेलन








हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। सोमवार को नगर के रूद्र मैदान से लेकर शहर की सड़के सनातन के लिये एक अनोखा संदेश देते हुये प्रतीत होने से नही चूक रही थी। क्योंकि स्थानीय रुद्र मैदान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का युवा सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें में चीचली , सालीचौका सांईखेड़ा, खंड से आए स्वयं सेवकों व युवाओं के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। यह युवा सम्मेलन संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले युवाओं द्वारा नगर में भव्य वाहन रैली निकाली गई जो पलोटन गंज के वृंदावन गार्डन से होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से होते हुये रूद्र मैदान में पहुंचने के बाद समापन हुआ ।आयोजित युवा सम्मलेन के प्रथम सत्र में ध्वज प्रणाम के साथ शाखा लगाई गई। इस दौरान विभिन्न खंडों से आए स्वयं सेवकों ने शारीरिक व्यायाम एवं खेल गतिविधियों में सहभागिता कर अनुशासित जीवन और उत्तम स्वास्थ्य के महत्व को आत्मसात किया। वही द्वितीय सत्र में संघ द्वारा घोषित पंच परिवर्तन विषय पर सकारात्मक एवं विचारोत्तेजक चर्चा हुई। इसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी जैसे विषयों पर विस्तार से विमर्श किया गया साथ ही नशा मुक्ति को सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया। वही तृतीय सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ताओं के उद्बोधन होने के दौरान मुख्य अतिथि पीतांबरा धाम आश्रम ककरा घाट ने आशीष वचन देते हुए कहा कि कहा कि भगवान राम ने सोने की लंका जीतने के बाद उसे विभीषण को सौंप दिया था। क्योंकि उनके लिए जननी और जन्मभूमि सर्वोपरि थीं। युवा वह शक्ति है जो हर सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकती है। इस दौरान उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता, साहस और गुणों का उपयोग राष्ट्र की उन्नति एवं गौरव बढ़ाने में करें । वही आयोजन के मुख्य वक्ता प्रेम शंकर क्षेत्र प्रचारक ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के सौ वर्षों की यात्रा का मूल उद्देश्य राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान की भावना को जागृत करना है। इस दौरान उन्होंने डॉ. हेडगेवार के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत पर हुए बाहरी आक्रमणों का मुख्य कारण हिंदु समाज में स्वाभिमान की कमी रही है। जब युवाओं के मन में भारत माता के प्रति श्रद्धा जागेगी, तभी वे देश, समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। युवाओं को चाहिए कि वे केरियर और परिवार के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी चिंतन करें। स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर युवाओं को भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेना चाहिए । युवा सम्मेलन में विभाग प्रचारक आनंद जिला प्रचारक रवि दत्त, जिला संघ चालक आदित्य मोहन के आलवा हरिप्रताप ममार की उपस्थिति रही । सम्मेलन के दौरान युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। रुद्र मैदान पर रंगोली सजाकर पंच परिवर्तन का संदेश दिया गया । अमर शहीद स्वर्गीय आशीष शर्मा को समर्पित करके एक प्रदर्शनी भी लगी जिसमें युवाओं को प्रेरणादायक स्लोगन एवं चित्र प्रदर्शित किए गए व उनका स्मरण किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित संतों ने नशा मुक्ति एवं सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश देकर उपस्थित जनसमूह को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया । युवाओं ने अनेक खेल मैदान में खेल खेल नशा एवं कुरीतियों से दूर रहने का संकल्प लिया भव्य युवा सम्मेलन में हजारो युवा सम्मिलित हुये।

## अलग अलग स्थानों से अवैध हथियारों के साथ गिरप्तार



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा लगातार भ्रमण करते हुये संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जब पुलिस द्वारा शहर मे भ्रमण के दौरान अलग अलग स्थानों से अवैध रूप से हथियार लेकर घूमते हुये लोगों को पकड़ते हुये उनके पास से हथियार जप्त किये गये। बताया जाता है कि जब पुलिस द्वारा नगर में गस्त की जा रही थी उसी दौरान नगर के मंगल सिटी कालोनी के पीछे एक युवक अपने पेट में तेज धारदार बकानुमा हथियार लेकर घुमते हुये पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार जप्त करते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम योगेश पिता रज्जन कुमी उम्र 30 साल निवासी शिवाजी वार्ड बताया गया। इसी प्रकार से नगर के श्रीपैलेस के बाजू में जमाड़ा रोड पर शंकर पिता मेहरबान सिह नौथ्रया उम्र 22 साल निवासी शांति नगर मोहल्ला सांईखेड़ा के पास से भी पुलिस द्वारा धारदार बकानुमा हथियार जप्त किया गया है। इसी प्रकार से आजाद ढाबा के पास से धारदार हथियार घूमते हुये पकड़कर उसके पास से भी पुलिस द्वारा हथियार जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### आरसेटी डिंडोरी में योग कार्यक्रम के साथ मनाया गया युवा दिवस



**डिंडौरी।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) डिंडौरी में सोमवार को युवा दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन कर उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक रूप से सशक्त बनाते हुए योग के महत्व से अवगत कराना रहा।योग सत्र में आरसेटी फैकल्टी ओम मिश्रा, कु. दीपिका सिंगौर, रामप्रसाद सहित कार्यालय सहायक श्रीमती राधिका पड़वार एवं श्री हंसराज की उपस्थिति रही। उपस्थितजनों ने योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का स्मरण करते हुए युवाओं से नियमित योग अपनाने, अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने का आह्वान किया गया। योग कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को आत्मबल, एकाग्रता एवं स्वस्थ जीवन के प्रति प्रेरित किया गया।

### युवा दिवस पर कस्बा शाहपुर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन



**डिंडोरी।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कस्बा शाहपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार के सभी बारह आसनों का अभ्यास कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. देवेंद्र मरकाम, मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष रामकिशोरी ठाकुर एवं अध्यक्षता सरपंच राजू बनवासी द्वारा की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. देवेंद्र मरकाम ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। सूर्य नमस्कार के उपरांत विद्यालय प्रांगण में 'माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पाँच विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने सराहा। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मोहम्मद शहीद खान ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी आगामी परीक्षाओं की तैयारी पूरी निष्ठा से करें तथा योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल कर स्वस्थ एवं निरोगी जीवन अपनाएँ।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय द्वारा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### विवेकानंद जयंती पर विद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन



**डिंडोरी।** स्थानीय राजूश्री हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, डिंडोरी में दिनांक 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सूर्य नमस्कार एवं विविध शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य डॉ. राजबहादुर सिंह द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया गया।स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। वे भारतीय संस्कृति और वेदांत के महान प्रचारक थे। उन्होंने 1893 में शिकागो विश्व धर्म महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का गौरव बढ़ाया। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इसी कारण 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिले में उत्साहपूर्वक सामूहिक सूर्य नमस्कार, योग एवं 'रन फॉर स्वदेशी' का भव्य आयोजन

स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डिंडौरी जिले में युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करने हेतु जिलेभर में सामूहिक सूर्य नमस्कार, योग, प्राणायाम एवं 'रन फॉर स्वदेशी' जैसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।





डिंडौरी।

जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों में यह आयोजन उत्साह, अनुशासन और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर, डिंडौरी में आयोजित किया गया, जहाँ योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार के सभी बारह आसनों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संदेशों का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस कार्यक्रम में विधायक ओम प्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जनपद अध्यक्ष डिंडौरी आशा सिंह धुर्वे, ज्योति प्रकाश धुर्वे, नरेन्द्र राजपूत, रूपाली जैन, सुधीर दत्त तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं शहपुरा में भी राष्ट्रीय युवा दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में सामूहिक सूर्य नमस्कार, योग, प्राणायाम एवं 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूलों के साथ-साथ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राध्यापकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिससे यह आयोजन शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया।कार्यक्रम में एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। 'रन फॉर स्वदेशी' के माध्यम से युवाओं ने स्वदेशी अपनाने, शारीरिक फिटनेस और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। अपने संबोधन में एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने कहा कि योग और सूर्य नमस्कार को जीवन का हिस्सा बनाकर युवा न केवल स्वस्थ रह सकते हैं, बल्कि सकारात्मक सोच के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वहीं ज्ञानदीप त्रिपाठी ने युवाओं से प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने का आह्वान किया।पूरे जिले में आयोजित इन कार्यक्रमों ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करते हुए युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

# कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति व विभागीय कार्यों की की समीक्षा



डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी माह में किसी भी विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतें नॉन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। 50 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारी संघ समिति से समन्वय कर वेतन देयक, समयमान वेतनमान, वेतनवृद्धि, क्रमोन्नति, पेंशन प्रकरण सहित अन्य कर्मचारी संबंधी समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। इसमें लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।नगर परिषद अधिकारियों को बाजार में पॉलीथिन के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। पॉलीथिन के स्थान पर दोना-पत्तल के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा गया। नर्मदा जयंती के अवसर पर कलेक्टर ने श्रद्धालुओं से अपील की कि डीजे व भंडारे एसडीएम की अनुमति से मुख्य बस स्टैंड परिसर में आयोजित किए जाएं, जिससे घाटों पर भीड़ व अव्यवस्था न हो। साथ ही एसडीएम, एसडीओपी एवं पुलिस को जिले के सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।सुगद टूरी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीएमओ व सीडीपीओ को 13 जनवरी को आवश्यक सामग्री जिला मुख्यालय से ले जाने तथा 17 जनवरी को आयोजित कैंप स्थल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए, ताकि 19 जनवरी को प्रस्तावित शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर 1 फरवरी से बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एसडीएम एवं तहसीलदारों को सौर ऊर्जा आधारित कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। नदी किनारे स्थित किसानों की भूमि पर सोलर पैनल आधारित सिंचाई उपकरण स्थापना हेतु लगभग एक हजार पात्र किसानों के आवेदन तैयार करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने समनापुर, बजाग, करंजिया एवं शहपुरा विकासखंडों में निर्धारित हाट बाजार के दिनों में जैविक उत्पादों के हाट बाजार नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय उत्पादों को उचित बाजार उपलब्ध हो सके।पशुपालन एवं डेयरी विभाग को नई सहकारी दुग्ध समितियों के गठन, नए मिल्क रूट विकसित करने तथा निष्क्रिय समितियों को पुनः सक्रिय करने के निर्देश दिए गए, जिससे दुग्ध संग्रहण एवं विपणन व्यवस्था सुदृढ़ हो और पशुपालकों को बेहतर मूल्य मिल सके।बैठक में सीपी ग्राम एवं पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत व प्रगतिरत कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूलों में शौचालयों की साफ-सफाई, नगरीय निर्माण कार्यों, धान व कोदो-कुटकी उपार्जन, उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा नरवाई प्रबंधन की भी समीक्षा की गई।कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को बटवारा, सीमांकन, नामांतरण, फौतीनामा, राजस्व वसूली एवं ई-केवाईसी जैसे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि, मत्स्य, सहकारिता, एनआरएलएम, खाद्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित सभी विभागों को अपनी योजनाओं की प्रगति पर विशेष ध्यान देने को कहा।



# धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

**डिंडौरी ।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान की समीक्षा बैठक शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले के चयनित 563 ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु ठोस एवं व्यवहारिक प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना धरती आबा के अंतर्गत सभी विभागीय अधिकारियों से जनहित को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों के प्रस्ताव जल्द प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने विद्युत विभाग को लाइन विहीन गांवों में सोलर पैनल के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराने तथा बीएसएनएल को ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क सुविधा सुनिश्चित करने हेतु टावर शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए।

वन विभाग के अधिकारियों को बंधन योजना के तहत वन समितियों एवं वन ग्रामों में निवासरत लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने और स्थानीय उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि तीन हजार की आबादी पर एक स्वास्थ्य केंद्र के प्रावधान के तहत जिले में 35 उप स्वास्थ्य केंद्रों के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। वहीं उद्योग विभाग द्वारा ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 35 प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।बैठक में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, जिला पंचायत सीईओ दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग राम बाबू देवांगन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, एलडीएम, विद्युत विभाग, पशुपालन एवं पीएचई विभाग के अधिकारी, जनपद सीईओ तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएमटीसी डिंडोरी में कृषि सखी व कृषि उद्योग सखियों का प्रशिक्षण संपन्न, प्रमाण पत्र वितरित




डिंडौरी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी के निर्देशन एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती अर्पणा पांडेय के मार्गदर्शन में सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र (सीएमटीसी) डिंडौरी में कृषि सखी एवं कृषि उद्योग सखियों का कृषि आधारित विषयों पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 बैच में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को "एक जिला-एक उत्पाद" के अंतर्गत मोटे अनाज कोदो-कुटकी, एकीकृत कृषि क्लस्टर, व्यावसायिक सब्जी उत्पादन, उत्पादक समूह गठन एवं कृषि उद्यमिता विकास जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिला प्रबंधक (मूल्यांकन एवं अनुश्रवण) एवं प्रभारी जिला प्रबंधक (कृषि) जेठू सिंह पट्टा ने कोदो-कुटकी के पोषण गुणों एवं आर्थिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्लूटेन-फ्री, फाइबर, प्रोटीन, आयरन एवं कैल्शियम से भरपूर मोटा अनाज है, जो कम पानी व कम लागत में अधिक लाभ देता है। उन्होंने बंजर व भर्रा भूमि में कोदो-कुटकी तथा उबड़-खाबड़ क्षेत्रों में फलदार पौधरोपण से उत्पादन बढ़ाने पर भी मार्गदर्शन दिया।

परियोजना अधिकारी (मनरेगा) प्रदीप शुक्ला ने फलदार वृक्षारोपण, उत्पाद निर्माण एवं विपणन तथा "एक बगिया माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत रोपण संबंधी विषयों पर प्रशिक्षण दिया। प्रदान संस्था के जिया रज़ा एवं अमन श्रीवास्तव ने व्यावसायिक सब्जी उत्पादन, मल्टीलेयर मॉडल, खरीफ-रबी-ग्रीष्म सीजन तथा शेडनेट खेती में लागत-लाभ एवं रणनीतियों की जानकारी दी। सिजेंटा फाउंडेशन के शैलेन्द्र बैसले ने मुर्गीपालन एवं मशरूम उत्पादन, प्रदान संस्था के गणेश देवकते ने कृषि उद्यमिता विकास तथा सौरभ सिंह (बैगा चक कोदो-कुटकी प्रसंस्करण इकाई) ने उत्पादक समूह गठन, बिजनेस प्लान एवं संचालन पर प्रशिक्षण दिया।कार्यक्रम में सहायक जिला प्रबंधक (प्रशिक्षण) केशव प्रजापति, प्रवीण दास (स्वावलंबी भारत अभियान), श्रीमती मीना बनवासी, जयश्री सिंग्राम, शारदा धुर्वे, मेघा, पूजा कुसुम धूमकेती सहित प्रशिक्षण केंद्र संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए स्वरोजगार एवं कृषि उद्यमिता से जुड़ी संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही कृषि, पशुपालन, रेशम, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग सहित कृषि आधारित विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध ऋण एवं अनुदान सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।



# सागर आर्मी टीम ने स्पाईकर बिछिया को पराजित कर जीता फाइनल मुकाबला

अमरपुर।

विकासखंड अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत जलेगांव के पोषक ग्राम खितगांव में तीन दिवसीय व्हालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें जनपद पंचायत अमरपुर सहित जिले व अन्य जिलों की नामीग्रामी टीमों ने लगभग 20 टीमों ने भाग लिया। आयोजित व्हालीवाल प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए सागर आर्मी टीम ने स्पाईकर बिछिया को पराजित कर फाइनल खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम सागर आर्मी को 10 हजार रुपए नकद व ट्राफी, उपविजेता टीम स्पाईकर बिछिया को 7 हजार रूपए नगद व ट्राफी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शहडोल टीम को 3 हजार रुपए नकद व ट्राफी समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रीतम सिंह मरावी, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, उपाध्यक्ष जय सिंह राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, अशोक साहू, कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तोक सिंह मरावी, कांग्रेस सोशल मीडिया विधानसभा अध्यक्ष शहपुरा देव सिंह भारती, मत्ते सिंह पट्टा, आयोजन समिति अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सरपंच राय सिंह नेताम, उपाध्यक्ष राजकुमारी पट्टा, सचिव जीवन लाल परस्ते, कोषाध्यक्ष श्रीमती विमला बाई धुर्वे सहित अतिथिगणों एवं समिति सदस्यों के द्वारा प्रदान किया गया। आयोजित व्हालीवाल प्रतियोगिता में उद्घोषक की भूमिका में शिव कुमार परस्ते, फूल सिंह मरावी व गणेश दास बघेल रहे। अत्याधिक ठंडी का मौसम होने के बावजूद ग्राम सहित आसपास गांवों के सैकड़ों खेलप्रेमी दर्शक देर रात्रि तक फाइनल मुकाबले के दौरान प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते रहे।

## शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर रन फॉर स्वदेशी का आयोजन




**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस की उपलक्ष्य में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती मालती तिवारी एवं ग्राम पंचायत अमरपुर सरपंच रामनाथ उद्दे द्वारा हरी झंडी दिखा कर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम की शुभारंभ कर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी के स्वदेशी भावना, युवाओं में राष्ट्रभक्ति और आत्मगौरव, आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के साथ स्वदेशी वस्तु खरीदने व उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर, स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम, जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे की संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें रन फॉर स्वदेशी प्रतियोगिता में रितिक मार्को एवं मालती मरकाम प्रथम स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ प्रो. आशीष मरावी, हुस्नआरा अंसारी, डॉ. निधि सिंह, डॉ. निगहत खान, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, प्रदीप कहार, जयदीप दुबे, दीपचंद गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, समीर धुर्वे, सहज सिंह मरावी, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।


## खबर संक्षेप

### मां तुझे प्रणाम योजना में तीन छात्राओं का चयन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की दलनायिका मनीषा राजपूत एवं स्वयंसेवक नंदिनी ठाकुर एवं याशिका सोनी, मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत चयनित हुई जिसके अंतर्गत उन्हें भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा तनोट माता मंदिर, इंडो पाक बॉर्डर, जैसलमेर लोंगेवाला युद्ध स्थल आदि के भ्रमण के लिए ले जाया गया। इन छात्राओं के मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत चयनित होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी एवं छात्र कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार के द्वारा छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ स्वयंसेवकों के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### बरहटा स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पंडित सुरेश गिरदोनिया पत्रकार, पंडित बृजभूषण वाजपेयी पूर्व जनपद पंचायत सदस्य, जेपी सिंह आदि जनप्रतिनिधियों तथा अभिभावकों की उपस्थिति में, तथा प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडियो के प्रसारण के आधार पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम समस्त छात्र-छात्राओं स्वयंसेवकों ने किया। इसकी पूर्व मुख्यमंत्री जी का भी भाषण सुना गया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसमें लगभग 135 छात्र-छात्राओं तथा समस्त स्टाफ के शिक्षकों ने भाग लिया। तथा शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया।

### मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने किया बरमान मेले का हुआ शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बरमान मेले में ऐसी स्वच्छता मैंने पहली बार देखी है। बरमान में स्वच्छता मैराथन दौड़ में बरमान के युवाओं ने स्वच्छता के लिए दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसे मैं बड़ी सफलता मानता हूं। बरमान मेले के शुभारंभ का दिन है, जो आनंद का अवसर है। साथ ही आज युवा दिवस भी है, जो स्वामी विवेकानंद को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हमें धर्म के मर्म को जानना होगा। धर्म तब पूरा होगा, जब धर्म का धारण करने वाला व्यक्ति सामर्थ्यवान होगा। पहले मेले के दौरान मेल-मिलाप और अपनी पंरपराओं से रूबरू होते थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि हमारा प्रयास हो कि मेला बिना किसी व्यवधान के पूर्ण और भव्य हो।



# स्वस्थ शरीर ही आने वाले भविष्य के वैभव का प्रतीक:पटेल



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर युवा दिवस के रूप में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम सोमवार 12 जनवरी को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित हुआ। जिले के स्कूलों, कॉलेजों सहित अन्य संस्थाओं में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन से किया गया। इस दौरान आकाशवाणी द्वारा सीधे प्रसारित कार्यक्रम के साथ सूर्य नमस्कार की सभी 12 मुद्राओं को क्रमवार किया और प्राणायाम का अभ्यास भी किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रार्थना की मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन आदि 12 मुद्राओं का अभ्यास किया और अनुलोम- विलोम, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम किया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के संदेश का प्रसारण किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आकाशवाणी से अपना संदेश दिया।

### सफलता का पहला पायदान

### स्वास्थ्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने नौजवानों को संदेश दिया था कि वे खेल मैदान में जाकर अपने आप को स्वस्थ व मजबूत बनाएं, तो

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हम दुनिया के सभी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने संकल्प से सिद्धि अभियान के बारे में बताया। आज के दिन देश में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूरी दुनिया स्वामी विवेकानंद जी के संदेश को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प स्वस्थ युवा- स्वस्थ भारत फिट इंडिया- हेल्थ इंडिया के माध्यम से देश आगे बढ़ रहा है, इससे हम दुनिया में सिरमोर होंगे। मंत्री श्री पटेल ने बच्चों से कहा कि स्वस्थ शरीर ही आने वाले भविष्य के वैभव का प्रतीक है। किसी भी सफलता में स्वास्थ्य पहला पायदान होता है।

### स्वदेशी संकल्प दौड़ को दिखाई हरी झंडी



प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम के तहत स्वदेशी संकल्प दौड़ को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में युवाओं व विद्यार्थियों ने उत्साह के भाग लिया। यह दौड़ स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ होकर गांधी चैराहा, नगर पालिका चैराहा, सुभाष पार्क चैराहा से होते हुए वापस स्टेडियम ग्राउंड पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, सुनील कोठारी, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी- कर्मचारी, योग शिक्षक, स्कूली छात्र- छात्राएं ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया।




### सरस्वती विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित



विश्व में सनातन मूल्यों हिन्दू धर्म और भारतीय संस्कृति की सर्वोच्चता स्थापित करने वाले युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की जयंती सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में 12 जनवरी 2026 को विशिष्ट अतिथि संजय पचौरी हरिभूमि वरिष्ठ ब्यूरो प्रमुख मुख्य अतिथि अभिभावक शरद गुप्ता संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी की अध्यक्षता में मनाई गई। प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटेल भी मंचासीन रहे। सर्वप्रथम युवा तरुणाई के प्रतीक स्वामी विवेकानंद तथा सरस्वती ओम भारत माता पूजन अर्चन पश्चात मयंक वंशकार, आलिया खान द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित अमृत वचन, प्रेरक प्रसंग तथा आराध्या पटेल, निशांत मेहरा द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र व प्रिया चौधरी द्वारा स्वरचित कविता की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। स्वामी विवेकानंद के रूप में सज्जित शुभ गुप्ता ने यथार्थ अनुभूति का बोध कराया। चित्रकला प्रतियोगिता में खुशी धुर्वे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ आचार्य रेवाराम नेमा, सुनील दुबे ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगो के माध्यम से कहा कि हमें जीवन के एक लक्ष्य पर ध्यान देते हुए सफलता प्राप्ति के प्रयास करना चाहिए। मुख्य अतिथि मा. गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व कृतित्व को रखते हुये उनके बताये मार्ग पर चलने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संस्था प्राचार्य श्री कुर्मी ने स्वामी विवेकानंद के सर्वांगीण व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये आत्म जागरण का संदेश दिया। इस अवसर पर शिशु वर्ग वंदेमातरम् प्रतियोगिता दो दलो के बीच आयोजित की गई आराध्या रजक, वंदना चैधरी तथा जिया नौरिया, रेशमा ठाकुर की रोचक प्रस्तुतिकरण की मंचासीन अतिथि द्वारा सराहना की गई तथा श्री पचैरी द्वारा वंदेमातरम् दल को एक सौ एक रूपये की नगद राशि से सम्मानित किया साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। सूर्य को ऊर्जा का अखण्ड प्रेरणा स्त्रोत मानते हुये द्वादश आवृतियों में सूर्य नमस्कार योग कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त निर्देशो के परिपालन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कक्षा नवम् से द्वादश तक के विद्यार्थियों ने स्वदेशी संकल्प दौड़ के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, आत्मनिर्भरता का संदेश दिया।

# स्वामी विवेकानंद जी : युगदृष्टा युवा संन्यासी

**गोटेगांव।** भूतेश्वर महादेव मंदिर किसानी मोहल्ला में कायस्थ समाज द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती मनाई गई एवं दीपाली श्रीवास्तव एवं पुष्पा श्रीवास्तव द्वारा अपने विचार रखे गए। स्वामी विवेकानंद जी भारत के ऐसे महान संत, विचारक और राष्ट्रनिर्माता थे, जिन्होंने भारतीय संस्कृति, वेदांत और युवाशक्ति को विश्व मंच पर गौरवपूर्ण पहचान दिलाई। वे केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि नवभारत के शिल्पकार थे।उन्होंने युवाओं को संदेश दिया— "उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।" उनका यह विचार आज भी करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। स्वामी विवेकानंद जी का मानना था कि शिक्षा वह है जो मनुष्य के भीतर छिपी पूर्णता को बाहर लाए,और राष्ट्र निर्माण का आधार चरित्रवान युवा होते हैं। 1893 में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में उनके ऐतिहासिक भाषण ने भारत की आध्यात्मिक महानता को पूरी दुनिया के सामने स्थापित किया।उन्होंने धर्म को कर्म, सेवा और मानवता से जोड़ा। स्वामी विवेकानंद जी का जीवन संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है— स्वावलंबन, आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम और समाजसेवा। उनके विचार भारत को सशक्त, संगठित और जागरूक बनाने की दिशा दिखाते हैं। इसमें श्रीमती स्नेह लता श्रीवास्तव पुष्पा श्रीवास्तव नंदिनी जोहरी शिवानी श्रीवास्तव दीपाली श्रीवास्तव रोहित श्रीवास्तव अनिल श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव चांदनी खरे अनामिका श्रीवास्तव एवं नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी इस आयोजन में भाग लिया



# ग्रैंडफादर डे पर उमड़ा दादा-दादी के प्रति स्नेह और सम्मान

**गोटेगांव।** विगत दिवस संस्कार भारती पब्लिक स्कूल में ग्रैंडफादर डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण में किया गया। इस विशेष दिन पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं के दादा-दादी को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर पारिवारिक स्नेह और भारतीय संस्कारों की खुशबू से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके उपरांत नन्हे बच्चों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। बच्चों ने गीतों, नृत्य, भावपूर्ण कविता पाठ और लघु नाटिकाओं के माध्यम से अपने दादा-दादी के प्रति अगाध प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त की, जिसे देख वहां मौजूद सभी बुजुर्ग अतिथि भावविभोर हो गए। आयोजन को और अधिक यादगार बनाने के लिए विद्यालय द्वारा दादा-दादी के लिए कई रोचक गतिविधियों और खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ जनों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी सम्मानीय अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अपने संबोधन में दादा-दादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे परिवार की उस मजबूत जड़ के समान हैं, जिनके अनुभव और जीवन मूल्यों से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संस्कारों को जीवित रखना है। कार्यक्रम का सफल समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और बड़ी संख्या में दादा-दादी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# स्व.दौलत राय की पुण्यतिथि पर संकट मोचन में महाआरती



### रबड़ी का भोग श्री संकट मोचन को अर्पित कर प्रसाद वितरण किया

**गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय बकतला स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्री रामभक्त हनुमानजी की महाआरती पं.दीपक तिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ कमलेश विमलेश नीलेश एवं कुअनिता राय के द्वारा अपने पूज्य पिता स्व.श्री दौलतसिंह राय की पुण्य तिथि पर पूजन अर्चन किया ! संकट मोचनजी को रबड़ी का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुजनों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीराम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमानजी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती छठवें वर्ष के प्रवेश मे एवं 317वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें धर्मेंद्र चौबे सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर पप्पू सोनी उमाशंकर साहू पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुर एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुई. इस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति गंगाधर तिवारी बद्री प्रसाद चौकसे नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय दीपक सराठे मयंक शर्मा मनोज नामदेव अनिल राय राजेश दुबेअप्पू सोनी मुकेश ठाकुर कमलेश राय विमलेश राय नीलेश राय महेश ताम्रकार अभिषेक सोनी नारायण सोनी मनीष साहू देवी दुबे मुकेश चढार विनोद साहू निहाल अग्रवाल जितेंद्र पटेल जतिन ठाकुर बसंत दुबे अनिल साहू परमलाल यादव सीबू दुबे पिंटू मेहरा गोविंद मेहरा जितेंद्र पटेल अनिल राय राजेश चौकसे मुकेश सोनी बटुक सेवक अक्षत सराठे अनुज ठाकुर मातृशक्ति से स्नेहलता श्रीवास्तव अनीता राय मंजुला गुप्ता निराला मिश्रा रीना माया राय नम्रता सोनी, मीना दुबे श्रीनिधि मिश्रा गायत्री बाई प्रीति साहू अनुराधा नेमा आरती चौरसिया पार्वती श्रीवास्तव प्रीति पचौरी लीलावती पटेल एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति रही।

# युवा दिवस के रूप में मनाई गई विवेकानंद जी की जयंती



### स्कूलों में जगह-जगह हुआ सूर्य नमस्कार

**तेंदूखेड़ा।** 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जी की जन्म जयंती युवा दिवस के रुप में मनाई गई। वहीं सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए।स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने राजमार्ग स्थित राव रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और युवाओं के सपने का भारत स्वामी जी की परिकल्पना को साकार करने की बात कही। वहीं क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़ियां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लिया।इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राएं शिक्षक और क्षेत्रीय कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार

संपूर्ण देश और प्रदेश में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रुप में मनाई गई वहीं क्षेत्र के सभी स्कूलों में सुबह से ही सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा सभी विधाओं पर सूर्य नमस्कार संपन्न कराते हुए प्रत्येक आसान का महत्व बताया और शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों लाभों को भी विस्तार से बताया गया। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार डोभी इमझिरा चांवरपाठा भामा बिल्थारी तेंदूखेड़ा के सभी स्कूलों कालेजों में भी सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न हुये।